# FULL STOP - 25

**अव्यक्त बापदादा :-**

➳ _ ➳ तो यह विशेष अटेन्शन रखो। इसी में ही अलबेलापन आ जाता है। मैं ठीक हूँ, ठीक तो हो लेकिन जो ठीक रह सकता है वह स्वयं को मोल्ड भी कर सकता है। **अगर मानो दूसरे को मेरी कोई चलन से कोई भी संकल्प उत्पन्न होता है। तो स्वयं को मोल्ड करने में नुकसान ही क्या है। फिर भी सबकी आशीर्वाद तो मिल जायेगी।** यह आशीर्वाद भी तो फायदा हुआ ना। क्यों क्या में नहीं जाओ। यह क्यों, यह ऐसे होगा वैसे होगा। इसको फुलस्टाप लगाओ।

➳ _ ➳ अब यह विशेषता चारों ओर लाइट हाउस के मुआफिक फैलाओ। इसको कहा जाता है एक ने कहा दूसरे ने माना अर्थात् अनेकों को सुख देने के निमित्त। **इसमें यह नहीं सोचो कि मैं कोई नीचे हो गया। नहीं। गलती की तभी मैं परिवर्तन कर रहा हूँ, यह नही सोचो लेकिन सेवा के लिए परिवर्तन कर रहा हूँ।** सेवा के लिए स्थूल में भी कुछ मेहनत करनी पड़ती है ना। तो **श्रेष्ठ, महान आत्मा बनने के लिए थोड़ा बहुत परिवर्तन भी किया तो हर्जा ही क्या है?** इसमें 'हे अर्जुन' बनो। इससे वातावरण बनेगा। एक से दो, दो से तीन।

➳ _ ➳ अगर कोई गलती है और मान ली तो यह कोई बड़ी बात नहीं है **लेकिन गलती नहीं है और लोक संग्रह अर्थ करना पड़ता है। 'यह है महानता।** इसमें अगर कोई समझाता भी है कि इसने यह किया अर्थात् नीचे हो गया, तो दूसरों के समझने से कुछ नहीं होता, बाप की लिस्ट में तो आगे नम्बर है ना। इसको दबाना नहीं कहा जाता है।

➳ _ ➳ यह भी ब्राह्मणों की भाषा होती है ना - कहाँ तक दबेंगे, कहाँ। तक मरेंगे, कब तक सहन करेंगे...., **अगर यहाँ दबेंगे भी तो अनेक आप के पाँव दबायेंगे। यह दबाना नहीं है लेकिन अनेकों के लिए पूज्य बनना है।** महान बनना है। (05.04.1981)

---

➢➢ कडवाहट आये तो क्या करें ?

➳ _ ➳ अगर ज़िन्दगी में थोड़ी कडवाहट आ जाए तो ज़िन्दगी ने ज इतनी मिठास दी, उसे भुला मत दो

➳ _ ➳ इस ज्ञान में सदैव हर्शित्मुख, गंभीर और विशाल बुधी बन सुख को महसूस करो

---

➢➢ मोल्ड ( Flexible ) होने के लिए क्या क्या करें ?

➳ _ ➳ Let It Go की नेचर को अपनाएं

→ बहुत सी बातों को ignore करना सीखें

➳ _ ➳ पानी की तरह लचीला बनें

→ जिसमे डालोगे, उसकी तरह बन जाएगा

➳ _ ➳ जिस वृक्ष पर फल लदे होते होते हैं, वही झुका हुआ होता है

→ जिस वृक्ष पर फल नहीं होते, वही वृक्ष सीना तान कर खड़ा होता है

➳ _ ➳ हर बात का सामना न करें

→ सहन करना महान बनना है

→ **"तुम्हे सहन करना है" - यह बाप की आज्ञा है**

→ उसका आदेश फॉलो करने के लिए सहन करना है...

→ **उसके प्यार के लिए, संगठन की एकता , मधुरता के लिए, सेवा के लिए सहन करना है**

➳ _ ➳ **बाप की लिस्ट में नाम आगे होना चाहिए**

→ दुनिया वाले चाहे कुछ भी सोचते रहे

→ इस दुनिया का सबसे बड़ा रोग :- मेरे बारे में क्या कहेंगे लोग